दैनिक **क्यूँ न लिखूँ सच**
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 345 मुरादाबाद 17April 2022 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

# कोरोना के बढ़ते मामले देख सीएम योगी आदित्यनाथ का एनसीआर क्षेत्र के शहरों अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश



लखनऊ-कोरोना संक्रमण काल में बेहतर प्रबंधन के लिए विश्व भर में प्रशंसा पाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते चार दिन में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले देख एनसीआर क्षेत्र वाले प्रदेश के जिलों को अलर्ट मोड पर रखने का निर्देश दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड प्रबंधन के लिए गठित टीम 09 के साथ समीक्षा बैठक की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे कुछ राज्यों में बीते कुछ दिनों से कोविड के केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एनसीआर के जिलों में भी इसका असर है। गौतमबुद्ध नगर में 70 और गाजियाबाद में 11 नए केस की पुष्टि हुई है। वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत पूरे एनसीआर को अलर्ट मोड में रखा जाए। उन्होंने कहा कि अब से गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में कोविड पाजिटिव मिले लोगों के सैम्पल लेकर जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। इसके साथ ही शासन स्तर से इन दोनों जिलों के डीएम व सीएमओ से संवाद कर स्थिति की गहन समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 507 है। बीते 24 घंटों में 73 हजार 881 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 106 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 37 लोग उपचारित होकर कोरोना से मुक्त भी हो गए हैं। यह स्थिति को देखते हुए हमें पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही संचारी रोग और दस्तक अभियान को पूरी तत्परता के साथ संचालित किया जाए। बरेली मंडल में मलेरिया पर फोकस रखें तो आगरा, लखनऊ मंडलों में डेंगू से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। पूर्वांचल में इंसेफेलाइटिस के लिए घर-घर लोगों से संपर्क कर जागरूक करें। इसके साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी विकास खंडों में विशेष स्वास्थ्य मेलों का आयोजन प्रारंभ हो रहा है। ध्यान रहे 18 से 23 अप्रैल तक मेलों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रहे।

### कोविड वैक्सीनेशन का अभियान सफल

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड टीकाकरण का हमारा महत्वपूर्ण अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। 30 करोड़ 56 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही अब तक 103 से ज्यादा वयस्क आबादी को टीके की पहली डोज लग चुकी है, जबकि 86 प्रतिशत लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 12 से 14 और 15 से 17 आयु वर्ग के टीकाकरण की प्रगति संतोषप्रद है। इसे और तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को बूस्टर डोज देने के कार्य में तेजी की अपेक्षा है। अब 700 निजी टीकाकरण केन्द्र पर बूस्टर डोज लगवाया जा सकता है। इन टीकाकरण केन्द्रों और बूस्टर डोज की महत्ता के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए। प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए कि एक भी नागरिक टीकाकवर से वंचित न रहे।

# चाचा शिवपाल के बगावती तेवरों से जूझ रही सपा में टूट तय, योगी से मिले सुखराम, बोले- अखिलेश के पास मिलने का समय नहीं



सपा मुखिया अखिलेश यादव की मुश्किलें कम नहीं हो रहीं। चाचा शिवपाल के फिर बगावती तेवरों से जूझ रही सपा को एक और झटका पार्टी के राज्यसभा सांसद चौधरी सुखराम दे सकते हैं। विधानसभा चुनाव से पहले ही उनके बेटे मोहित यादव ने भाजपा का दामन थाम लिया था। अब परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चौधरी सुखराम की मुलाकात के बाद उनके भी भाजपा में आने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस मुलाकात के बाद सुखराम ने अखिलेश को घेरते हुए कहा कि उनके पास मुझसे मिलने का वक्त ही नहीं। विधान परिषद के पूर्व सभापति चौधरी सुखराम की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के राजनैतिक निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। दरअसल सुखराम 2016 में राज्यसभा सदस्य बने थे और उनका कार्यकाल भी जल्द खत्म होने जा रहा है। हालांकि उन्होंने मीडिया से बातचीत में यही कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद वे मिल नहीं सके थे इसलिए योगीजी को बधाई देने गए थे। एक निजी चैनल से बातचीत में मुलायम के करीबी रहे चौधरी सुखराम ने कहा कि आजम खान के साथ भी पार्टी को लेकर सवाल उठाए। कहा कि पार्टी के लिए जी-जान जुटाने वालों का पार्टी सहयोग न करे तो दुःख होता है। उन्होंने चेताया कि सपा में हालात न सुधरे तो बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने पीएम मोदी और सीएम योगी की जमकर तारीफ भी की।

दैनिक अख़बार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर हमला, बोले किसानों के साथ हो रहा सर्वाधिक अन्याय, केवल कागजों में हो रही गेहूं की खरीद



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में किसानों के साथ सर्वाधिक अन्याय हो रहा है। महंगाई और कर्ज से किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। गेहूं की फसल लिए किसान क्रय केंद्रों का पता ढूंढता फिर रहा है। सरकारी विज्ञापनों में खुले कथित क्रय केंद्रों में ही खरीद फरोख्त और भुगतान का नकली नाटक चल रहा है। सपा मुखिया ने कहा कि किसान पर आफत की मार यही नहीं रुक रही है, कई जिलों में खेतों में खड़ी फसल आग में जलकर राख हो गई। मैनपुरी के करहल में भीषण आग लगने से खेत में तैयार खड़ी गेहूं की फसल नष्ट हो गई। देवरिया में 10 बीघा, अमेठी में 300 बीघा, चंदौली में 10 बीघा और गाजियाबाद के मंसूरी इलाके में 28 बीघे गेहूं की फसल राख हो गई। चित्रकूट में 80 बीघा, कानपुर देहात में 30 से 40 बीघा, और हरदोई में दो बीघा फसल जल गई। जौनपुर के जफराबाद के जनैघा गांव में भी गेहूं की फसल राख हुई है। पीड़ित किसानों को मुआवजा देना तो दूर मुख्यमंत्री ने खेतों में लगी आग और किसानों के पेट की आग बुझाने को कोई कदम नहीं उठाया। बता दें कि? समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर लगातार हमलावर हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे उठाते हुए वह योगी सरकार पर कटाक्ष कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने भगवा रंग पर सवाल खड़ा करते हुए तंज किया था। दरअसल, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखीमपुर खीरी में एक चेन स्नेचिंग की घटना का वीडियो ट्वीट किया था, जिसमें अपराधी भगवा गमछे से अपना मुंह बाधा हुआ दिख रहा है। इस वीडियो को ट्वीट करते हुए अखिलेश यादव ने लिखा कि %गमछे से पहचानिए चेन लुटेरे कौन हैं!% लखीमपुर खीरी के मुहल्ला काशीनगर में फिर चेन स्नैचिंग की घटना ने सनसनी फैला दी थी। मुहल्ला बहादुरनगर की करने वाली मुस्कान अपनी मां के साथ काशीनगर गई थीं। दोपहर में वह वहां से पैदल मां के साथ वापस जा रही थीं तभी एक बाइक पर सवार दो उचक्के आए और झपट्टा मारकर मुस्कान के गले की सोने की चेन खींचकर भाग गए। उचक्कों की ये करतूत पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। बाइक चला रहा युवक हेलमेट पहने था, जबकि पीछे बैठा युवक भगवा रंग के गमछे से मुंह ढके था।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# फरीदपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने नियत समय पर जन समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश



तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर आ रही शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत करें, कोई भी शिकायत डिफाल्टर न होने पाए। उन्होंने कहा कि आई.जी.आर.एस. में बरेली की रैंकिंग में सुधार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आई.जी.आर.एस. की लगातार मॉनिटरिंग सीधे मुख्यमंत्री स्तर से की जा रही है, इसकी शिकायतों का अत्यंत सतर्कता के साथ निस्तारण किया जाए। उन्होंने ई.ओ. डूडा को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिन लोगों को अभी तक आवास नहीं मिले है, उनकी सूची बनाकर उप जिलाधिकारी, फरीदपुर को एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करा दी जाए। जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में आज तहसील फरीदपुर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें मौके पर ही 6 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रोहित सिंह सजवाण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बलबीर सिंह, उप जिलाधिकारी फरीदपुर श्री अजय कुमार उपाध्याय, परियोजना निदेशक श्री तेजवन्त सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शिकायतकर्ता श्री राम विलास पुत्र श्री अनोखे ग्राम वाडेया खुर्द तहसील फरीदपुर ने बताया कि उन्होंने अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत करवाया था, परन्तु अभी तक उन्हें आवास नहीं मिला है। जिलाधिकारी ने ई.ओ. डूडा को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए जल्द आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता श्रीमती मीना देवी पत्नी स्व. हरभान सिंह निवासी ग्राम रुरिया थाना फरीदपुर ने बताया कि पति की मृत्यु हो गई है उनके पति के नाम पर 10 बीघा जमीन है, जिसमें गेहूं की फसल खड़ी है जो उनके जेठ ने बेच दी है और पूरा पैसा भी जेठ ने रख लिया है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी फरीदपुर को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस के पर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिये




हारुन बख्श

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद सदर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याओं को सुना गया। जहां कुल 45 शिकायती पत्र आए इस दौरान 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में मौजूद रहे अधिकारी विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बंद कर दिया गया था। वही लगभग 3 महीने बाद शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां सदर तहसील में डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान एसपी अशोक कुमार मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें जमीन से संबंधित लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने की शिकायतें की। इस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द कब्जा की गई भूमि को मुक्त कराया जाए।

राशन वितरण की आई शिकायतें संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी से शहर के मोहल्ला कछपुरा निवासी राम सिंह ने शिकायत कि उनके मोहल्ले में समय से खाद्यान्न का वितरण नहीं होता है। यहां तक कि बीते माह नमक भी नहीं मिला। कहा कि जब शिकायत की लेकिन उस पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि समय से राशन का वितरण कराया जाए। प्रत्येक कार्ड धारक को राशन मिलना चाहिए राशन संबंधी 9 शिकायतें जिलाधिकारी के पास आई।

# कूड़ा सफाई के संसाधन हो रहे कबाड़: फर्रुखाबाद नगर पालिका की अनदेखी के चलते कहीं मैदान तो कहीं गोदाम में पड़ी हैं मशीनें



हारुन बख्श

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -फर्रुखाबाद शहर की सफाई व्यवस्था के लिए नगर पालिका करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। बीते वर्ष खरीदे गए 50 बड़े डस्टबिन का कुछ पता नहीं है। ऐसे में 100 डस्टबिन और खरीद कर फतेहगढ़ स्थित मैदान में रखवा दिए गए हैं। कूड़ा वाहनों को बार-बार डलाव घर तक दौड़ लगाने पर रोक लगाने की मंशा से करीब डेढ़ करोड़ की लागत से चार हाइड्रोलिक कंपेटर और हुक लोडर खरीदे। यह भी अभी तक चालू नहीं हो सके। लिहाजा वाहनों पर अधिक डीजल फूंकने के साथ पूरा कूड़ा भी नहीं उठ पा रहा है। जैविक और अजैविक कूड़े अलग एकत्रित करने के लिए खरीदे रिक्शा स्टोर में बिना चले ही कबाड़ हो गए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। मगर मनमानी के चलते इसका सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। पालिका के जिम्मेदार संसाधनों की खरीद पर जोर तो दे रहे हैं, लेकिन उन्हें उपयोग में लाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर की ऐसी गलियां हैं, जिनमें ट्रैक्टर-ट्राली नहीं घुसती। उनके लिए बीते वर्ष वार्ड बार एक-एक हूपर खरीदे गए। करीब डेढ़ करोड़ के तीन नए ट्रक कंपेटर भी लाए गए। इनमें से एक मामूली खराबी के बाद स्टोर में खड़ा कबाड़ हो रहा है। इस दौरान घर-घर कूड़ा उठाने की योजना बनी। इस योजना के तहत सैकड़ों हथठेली, प्लास्टिक डस्टबिन रखने वाले रिक्शा जैविक और अजैविक कूड़ा रखने के लिए स्पेशल रिक्शों की खरीद की गई। यह नए रिक्शे बिना चले ही स्टोर में कबाड़ का रूप ले चुके हैं। 13 किलोमीटर दूर है डलाव घर शहर से डलाव घर 13 किलोमीटर दूर होने की वजह से वाहनों की दौड़ बचाने और वाहनों से लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने के लिए 4 माह पहले डेढ़ करोड़ में चार इलेक्ट्रॉनिक हाइड्रोलिक कंपेटर लिए गए। इनमें दो कंपेटर और एक लोडर की आपूर्ति भी आ गई, लेकिन इन्हें अभी तक चालू करने की जरूरत नहीं समझी गई है। लिहाजा नगर पालिका परिषद को रोजाना 700 लीटर डीजल से अधिक डीजल फूंकना पड़ रहा है। इसके बावजूद शहर के सभी मोहल्लों से नियमित कूड़ा भी नहीं उठ रहा है। इससे लोगों को दिक्कत हो रही है। मरम्मत की सुध नहीं पालिका के स्टोर में डीसीएम, कैटल कैचर दो छोटे और दो बड़े ट्रैक्टर कई प्रेशर मशीन मामूली खराबी के चलते सालों से खड़ी हैं। इनकी मरम्मत कराने की बजाय अपने स्वार्थ के लिए नए वाहन खरीद पर जोर दिया जाता है। सालों से खड़े कई वाहनों के पहिया, शीशा, टायर सीटें गायब हो चुकी हैं। स्थिति यह है कि नए रिक्शा के हैंडल तक खोल लिए गए हैं। कुछ की रिंग गायब हैं। पालिका के जिम्मेदारों के पास इसका कोई लेखा-जोखा नहीं है। जानें क्या बोले जिम्मेदार ईओ नगर पालिका परिषद रविंद्र कुमार ने बताया, डस्टबिन की तकनीकी जांच होना बाकी है। दोनों ही काम जल्द पूरे हो जाएंगे, जो भी वाहन मरम्मत के लायक हैं। उनकी जांच करवा कर चालू किए जाने का प्रयास करूंगा।

# फर्रुखाबाद में 390 रिक्रूट्स ने देश सेवा की ली शपथ.बिग्रेडियर ने परेड की सलामी ली



हारुन बख्श

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ में स्थित राजपूत रेजीमेंट सेंटर में शनिवार को 390 जवान पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। पासिंग आउट परेड में शामिल होते रिक्रूट सेना के जवान बन गए। इस दौरान उन्होंने देश सेवा की शपथ ली। शनिवार को बिग्रेडियर इंद्रमोहन सिंह परमार ने पासिंग आउट परेड का निरीक्षण कर सलामी ल बिग्रेडियर ने जवानों को राजपूत रेजीमेंट के गौरवशाली इतिहास को बताया। उन्होंने कहा राजपूत रेजीमेंट भारत की अनेकता में एकता और अखंडता की सच्ची मिसाल है। इस दौरान उन्होंने जवानों से कहा कैसी भी परिस्थिति आ जाए हमें अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटना है। 9 महीने की दी गई ट्रेनिंग रिक्रूटों को 9 माह का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें हथियारों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कैसे हम अपने दुश्मन की हर हरकत पर नजर रखते हैं। इस दौरान रिक्रूटों को शारीरिक प्रशिक्षण भी दिया गया। पासिंग आउट परेड के दौरान रिक्रूट मनोज कुमार, अरविंद कुमार और शत्रुघ्न को ब्रिगेडियर ने सम्मानित किया। रिक्रूट ने बैंड की धुन में देशभक्ति के तराने गुनगुनाए। जवानों ने अपनी फोटो परिजनों तक खींच कर ऐतिहासिक पल को कैद कर लिया।

# हनुमान जयंती पर लगाए 56 भोग

मुरादाबाद-नगर के तहसील स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड, खाकेश्वर मंदिर, बालाजी व श्री पंचशील धाम हनुमान गढ़ी मंदिर पर हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शनिवार को हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर के तहसील स्थित हनुमान मंदिर पर भगवान हनुमान को छप्पनभोग लगाए और सुंदरकांड का आयोजन किया गया। कथावाचक ने अपनी मधुरवाणी से सुंदरकांड का प्रस्तुत किया, जिससे सुनकर श्रोतागण भगवान हनुमान की भक्ति में लीन हो गए। इस दौरान हनुमान भक्तों ने भगवान हनुमान और भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। वहीं नगर के श्रीपंचशील हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती पर छप्पनभोग लगाए और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर के नगलिया रोड स्थित बालाजी दरबार व पीपला टोला स्थित श्रीपंचशील शिवधाम हनुमान गढ़ी



मंदिर पर हनुमान जयंती पर भजन कीर्तन व सवा क्विंल लड्डू और छप्पन भोग लगाए गए। हनुमान जयंती पर भगवान हनुमान के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। हनुमान जयंती पर अशोक गहलोत, रोहित गोयल, सत्यप्रकाश गुप्ता, हरगोविन्द सिंह, गिरिजेश पाल, अनिल कुमार, विजय कुमार, रोहित राजपूत, रुद्रदत्त शर्मा, विवेक शर्मा, अर्पित शर्मा आदि मौजूद रहे। उधर नगर में बाजार गंज स्थित माता मंदिर पर हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। हवन यज्ञ करते हुए श्रद्धालुओं ने खुशहाली की प्रार्थना की। इस मौके पर संजीव सिंघल, इंदुकांत, पं. अजय शास्त्री, रामा अग्रवाल, भगवानदास, पंकज कुमार आदि शामिल रहे। उधर चित्रगुप्त मंदिर कायस्थान में हनुमान जयंती पर हनुमानजी को छप्पन भोग लगाए गए और सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, श्री राम स्तुति, आरती पाठ किया गया। मुख्य रूप से मिथलेश सक्सेना, प्रीति सक्सेना, ऋतु सक्सेना आदि मौजूद रहीं।

# फ़रहेदी में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



मुरादाबाद-हनुमान जन्मोत्सव शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। गांव फरहेदी में शिव दुर्गा मंदिर कमेटी में हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर छप्पन भोग का कार्यक्रम एवं सुंदरकांड का कार्यक्रम किया जाता है। गांव में झांकियां सजाई गईं। इस दौरान बजरंगबली के जयकारों से मंदिर का माहौल आनंदमय हो गया। इस मौके पर विनोद गिरी, धर्मेंद्र प्रधान, रोहित चंद्रा, नेत्रपाल चंद्रा, पंकज चंद्रा, गिरवर चंद्रा, लोचन सैनी, डोरी लाल, विशाल भटनागर, लाखन सैनी, वीरपाल, रवि राजभर, डॉ. अजय पाल सैनी, पिंकू प्रजापति, पन्ना लाल आदि मौजूद रहे।

# शोभायात्रा में झांकियों ने मोहा मन,झूमते रहे श्रद्धालु

मुरादाबाद-श्री बालाजी महाराज भक्त जन सेवा समिति श्री बालाजी के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली। इसमें झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यात्रा रेलवे कालोनी स्थित मनोकामनाश्री हनुमान मंदिर से आरंभ हुई। यात्रा का शुभारंभ पंच दसनाम जूना अखाड़े और काली माता मंदिर के महंत सज्जन गिरि के साथ पूर्व सांसद सर्वेश सिंह,अध्यक्ष श्री रामकुमार रामजी, केके मिश्रा, महंत राकेश कुमार और कमल कुमार सक्सेना ने ज्योत जलाकर एवं नारियल फोड़कर किया। इसके साथ ही बालाजी का जयघोष होने लगा। शोभायात्रा में बग्गी पर महंत सज्जन गिरि और गुरु राकेश कुमार के साथ भगवान गणेश, हनुमान जी और राम दरबार की झांकियां आकर्षित करतीं रहीं। काली के अखाड़े के कलाकारों ने करतब दिखा कर मन मोह लिया। ढोल की थाप और बैंड की धुन पर श्रद्धालु नृत्य करते रहे। रास्ते भर लोग स्वागत करते रहे। कंजरी सराय में मानव सेवा समिति के महासचिव अक्षय दिवाकर ने, टाउन हाल पर मुरादाबाद जागरूक समाज के प्रमोद रस्तोगी ने और गंज गुरहट्टी पर हिंदू मिलन समिति के गौरव गुप्ता ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा बनवटा गंज स्थित शिव मंदिर( पीपल वाला ) पहुंचकर संपन्न हुई। जहां आरती के बाद इसे विश्राम दिया गया।



व्यवस्था में अतुल जौहरी, सम्राट पाठक, विजय सारस्वत, जितेंद्र नारंग, महेश प्रजापति, संजय धमीजा, शशांक गुप्ता, नन्हें यादव, डा हिमांशु शुक्ला, कपिल गुप्ता,वरुण गुप्ता, गौरव, विशाल गुप्ता, अमित गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## लाकड़ी में भी शोभायात्रा से बही भक्ति की बयार

मुरादाबाद। लाकड़ी फाजलपुर से भी बालाजी की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें काली का नृत्य और झांकियों ने सभी को आकर्षित किया। शोभायात्रा का आरंभ मंदिर से नारियल फोड़ कर और राम दरबार की की आरती के साथ किया गया। यात्रा आरंभ होते ही बालाजी के जयकारे गूंजने लगे। इसमें भगवान गणेश, शिव-पार्वती, मां दुर्गा, राम दरबार आर बालाजी की की झांकियां आकर्षित करती रहीं। मां काली के नृत्य ने भी मन मोह लिया। रास्ते में लोगों ने स्वागत किया। यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर मंदिर ही पहुंचकर संपन्न हुई। बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों ने भाग लिया

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# हनुमान जयंती पर विशाल भंडारे का आयोजन



मुरादाबाद-हनुमान जयंती पर सुरजन नगर पुलिस चौकी के सामने हनुमान मंदिर पर चल रही तीन दिवसीय रामकथा का शनिवार को समापन हुआ। यह संपूर्ण कथा महंत वेद प्रकाश सिंह चौहान द्वारा की गई। तृतीय दिवस पर मंत्र उच्चारण एवं आरती के साथ ही इस कथा का समापन किया गया। इसके उपरांत सभी में प्रसाद वितरित किया गया। इसी उपलक्ष्य में दोपहर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सुरजन नगर के साथ-साथ रामपुर घोगर, पीपली, बहापुर, बल्लमगढ़, बंदे वाली मढैया, नजर पट्टी, जयनगर, जटपुरा, लालापुर, दूल्हा पुर, महावतपुर आदि आसपास के गांव से आए ग्रामीणों एवं भक्तों ने भोजन ग्रहण किया। इस दौरान सुनील कुमार, ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष वीर सिंह उर्फ वीरू, विमल बिश्नोई, रवि कुमार, उमेश त्यागी, ग्राम प्रधान पुत्र योगेंद्र सिंह उर्फ भुल्लन आदि मौजूद रहे।

अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश्र से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Re-infection

When there is no lockdown, when schools are fully opened, then the resurgence of corona cases is not only sad but also a matter of concern. On Wednesday, 299 new cases of Kovid-19 were registered in the national capital Delhi, which means there has been a jump of 118 percent in the infection within two days. According to the Health Department data, the Kovid positivity rate has reached 2.49 percent. Talking about the National Capital Region, many schools have had to be closed for some time due to corona infection.

In Uttar Pradesh's Gautam Budh Nagar, 40 people, including 15 children, have been found infected. The number of active cases in the district has gone up to 121. It is worth noting that complaints are not being received from any school, while in case of doubt, schools should be alert. When children are staying in school for five to six hours, then schools should also take care of their health.

Children should be admitted to schools only after due screening, as a large number of them are still away from vaccination. Schools need to take adequate precautions against any sign of infection. New guidelines have been issued in Noida on Wednesday and are likely to be issued in New Delhi on Friday. In view of the rising number of cases, schools have been asked to inform immediately for treatment of any symptoms like cough, cold, fever, diarrhoea. Some schools are again considering the option of online education. By the way, this is also the time of seasonal diseases.

If the weather is changing, then children can be in trouble, so schools will have to show equal caution as much as the responsibility is of the parents. There is no longer any apprehension of lockdown and there is no scope, so schools will have to create an educational environment in the campus by taking all possible measures to prevent infection at their level.

Instead of sensationalizing the rising cases, attention should be paid to caution, then only we will be able to prevent any fourth wave from coming. This pandemic can strike at any time and people are still getting infected despite vaccination, so there is still no alternative to wearing masks, social distancing, and washing hands. Right now, many areas of the world, including Europe and Asia, are seeing a dramatic increase in cases of infection.

Discussion of fourth wave has started in India as well. A study by the Department of Mathematics and Statistics, Indian Institute of Technology, Kanpur has predicted that another wave of COVID-19 is expected in June this year.

By the way, the upcoming wave will not put pressure on India's health infrastructure and will be less deadly than the previous waves. Weak people from the point of view of health have to be more careful. Expert Dr VK Paul has made it clear that India is ready for another possible wave. However, eminent virologist Dr T Jacob John of Christian Medical College (CMC) Vellore said on Saturday that unless there is another virus variant, there is little chance of a fourth wave. Even if the apprehension is minimal, but no risk should be taken, preparations should be made that we can easily face the maximum infection.


# Bharti Singh returns to shooting 12 days after son's birth, people trolled and said this

Comedian Bharti Singh gave birth to a baby boy on April 3. Husband Harsh Limbachiyaa shared the joy of becoming a parent on social media. Bharti Singh was shooting continuously before the birth of her son. Seeing this attachment towards his work, people appreciated him a lot and people called him an inspiration. Bharti was active on social media since the birth of her son, but now she has returned to her work and looks very happy. But after the birth of the baby, some people did not like Bharti's return to work."Bharti Singh said this after returning to work- "This video of Bharti Singh has been shared by celebrity photographer Viral Bhayani on his Instagram. In this video, Bharti Singh was seen outside the set of her show, where she while talking to the paparazzi said, 'I have cried a lot today, because the son is only 12 days old. Leaving him and coming to work, but what to do is work'. However, Bharti Singh, correcting her mood, called the paparazzi 'mama' and also talked about sending sweets for them. While some people appreciated Bharti's hard work on social media, some people trolled the comedian badly."People trolled on social media- "After seeing Bharti Singh returned to work in 12 days, some people trolled her badly on social media. One user trolled her and wrote, 'It is not a matter of hard work, your body needs bed rest for 1 month and it is also necessary for the bonding of mother and baby'. Another user wrote, 'How can you go out for work. You cannot go out anywhere for 40 days after delivery. Another user trolled and wrote, 'What is there to run after money so much. Take care of your baby, money can be earned again."Congratulations to Ranbir-Alia"In this video, when Bharti Singh was asked to congratulate Ranbir Kapoor and Alia Bhatt after their marriage and say two words, Bharti Singh congratulated her in her comedy style and said, 'Many congratulations to both of them, We were invited to the wedding but we could not go because of the child. After this Bharti left there laughing. Bharti Singh had shown her son's room a few days ago by sharing a video on her YouTube channel and told about her journey to become a mother.



# Akshara Singh's song Patli Gali Se Nikal released

Mumbai Bollywood actress Akshara Singh's song Patli Gali Se Nikal has been released. The song has been released by Akshara from her YouTube channel, which has created a ruckus. This song has been sung and performed by Akshara herself. Amarjeet Phogat is seen in its music video. In the video, Akshara is seen in a very beautiful and glamorous style, in which many different looks of her can be seen. Also, his chemistry with Amarjeet is also superb. Akshara's bold and glamorous look is being seen in this song. The song is written by Zahid Vinayak, while its music is given by Vinay Vinayak.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991, दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## लावारिस हाल में छोड़ दिए कोविड वैक्सीन के बॉक्स, वैक्सीनेशन के लिए भटक रहे थे लोग

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-मेडिकल कॉलेज में वैक्सीन लगवाने को लोग भटकते नजर आए। टीकाकरण केंद्र के बाहर कोविड वैक्सीन के बॉक्स तो थे, लेकिन टीकाकरण करने वाले कर्मचारी गायब थे। एक दो घंटे नहीं, बल्कि तीन घंटे तक वहां कोई नहीं पहुंचा। लावारिस हाल में छोड़ दिए कोविड वैक्सीन के बॉक्स मेडिकल कॉलेज स्थित बर्न वार्ड में बनाए गए टीकाकरण केंद्र के बाहर कोविड वैक्सीन के बॉक्स शुक्रवार की सुबह लावारिस हाल छोड़ दिए गए। तीन घंटों तक ये इसी हाल में पड़े रहे। वैक्सीन लगाने के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिसके चलते लोग टीकाकरण कराने के लिए भटकते रहे। एक ओर स्वास्थ्य विभाग लोगों को टीकाकरण कराने के लिए जागरूक कर रहा है, ताकि लक्ष्य को पूरा किया जा सके। वहीं दूसरी ओर कुछ स्वास्थ्य कर्मी लापरवाही बरत प्रयासों को फीका कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज स्थित बर्न वार्ड में बनाए गए टीकाकरण केंद्र पर शुक्रवार सुबह कर्मचारी वैक्सीन बॉक्स छोड़कर नदारद हो गए। तीन घंटों तक लावारिस स्थिति में वैक्सीन पड़ी रही।

## जंगे आजादी के पुरोधा की प्रतिमा नहीं हो सकी आजाद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-पटियाली तहसील के गांव शाहपुर टहला निवासी क्रांतिकारी महावीर सिंह राठौर का नाम पूरे देश में सम्मान के साथ लिया जाता है। आजादी की जंग में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया था, लेकिन जंगे आजादी की इस पुरोधा के राजा का रामपुर में बने स्मारक का लोकार्पण नहीं हो सका है। जबकि प्रतिमा की स्थापना करीब 25 साल पहले की जा चुकी है। स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग के जरिये यहां महान क्रांतिकारी का स्मारक बनाने की योजना बनाई। 6 मई 1997 कस्बा राजा का रामपुर में तिराहे पर इस स्मारक का शिलान्यास उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ के न्यायाधीश अखिलेश्वर नाथ गुप्ता ने किया। क्रांतिकारी की जयंती 16 सितंबर 1997 को तत्कालीन जिलाधिकारी उमेश सिन्हा ने प्रतिमा की स्थापना की। इस दौरान क्रांतिकारी के परिजन सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे थे। बाद में स्मारक के लोकार्पण के लिए राष्ट्रपति, प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया, लेकिन कभी समय की कमी तो कभी अन्य समस्याओं का हवाला दिया जाता रहा और स्मारक आज भी लोकार्पण का इंतजार कर रहा है। एडीएम प्रशासन आलोक कुमार ने बताया कि प्रशासन स्तर से जो संभव कार्रवाई होगी की जाएगी। न्यास के माध्यम से कराया पुनरुद्धार लोकार्पण से पहले ही स्मारक की दशा बिगड़ गई। ऐसी स्थिति में अमर शहीद स्मरण जन सेवा संस्था न्यास के सदस्यों ने इसका पुनरुद्धार कराया। करीब आठ महीने पहले काम शुरू किया गया। पत्थर, टाइल्स आदि लगाकर इसे सुंदर रूप दिया गया है। हालांकि बड़ा सवाल अब भी बना हुआ है आखिरकार लोकार्पण कब होगा? सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तक पहुंचाई बाद मे न्यास के संस्थापक अंबरीष सिंह राठौर ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल की पुत्री का विवाह संबंध पड़ोस के गांव शाहपुर टहला में हुआ है। उन लोगों के जरिये तत्कालीन राष्ट्रपति तक लोकार्पण करने के लिए मांग पहुंचाई। इसके अलावा पूर्व उपराष्ट्रपति कृष्णकांत, राज्यपाल, मुख्यमंत्रियों तक मांग पहुंचाते रहे हैं। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अनुरोध पत्र भेजा है। इसकी एक प्रति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को भी भेजी। जिस पर उन्होंने जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। कहा कि 17 मई तक मुख्यमंत्री का कार्यक्रम नहीं मिलता है तो अन्य किसी मंत्री को बुलाकर लोकार्पण कराएंगे, अब और इंतजार नहीं करेंगे।

## ये कैसा निस्तारण: 400 टन कूड़े में लगा दी आग, सांस लेना दुश्वार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- नगर पालिका ने शहर भर से करीब 400 टन कूड़ा एकत्रित कर निस्तारण के लिए ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर पहुंचाया, लेकिन यहां निस्तारण के इंतजाम नहीं कर सकी। कर्मचारियों ने पूरे कूड़े में आग लगा दी। यह कूड़ा पांच दिनों से सुलग रहा है। जिससे वहां के लोगों का सांस लेना दुश्वार बना हुआ है। नगर पालिका परिषद द्वारा जीटी रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे एमआरएफ सेंटर का निर्माण किया गया है जहां पर शहर से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण किया जाना है। पालिका द्वारा रोजाना शहर से निकलने वाले कूड़े को यहां पर इकट्ठा किया जा रहा है, लेकिन यहां कूड़ा निस्तारण के लिए मशीन स्थापित न होने की वजह से करीब 400 टन कूड़े के ढेर लग गए। पांच दिन पहले इन ढेरों में आग लगा दी गई, जो अभी तक सुलग रही है। जिसकी वजह से कूड़े से उठने वाले धुएं से आसपास के लोगों को सांस लेना मुश्किल हो रहा है। लोग पूरे दिन दुर्गंध से परेशान हैं। वहीं वातावरण भी दूषित हो रहा है।

## अवैध सट्टा खेलते हुए नगदी व सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार किया



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना मारहरा पुलिस को मिली सफलता थाना मारहरा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को अवैध सट्टा खेलते हुए नगदी व सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में जुआ एवं सट्टे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मारहरा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को सट्टा लगाते हुए 510 रूपये, एक सट्टा पर्चा एक डाट पेन्सिल व एक डायरी सहित एसजीएम स्कूल के पास कंबोह को जाने वाली गली से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## अतिक्रमण गंदगी का अंबार लगा रखा है

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जिले के कस्बा मारहरा के वार्ड नंबर 6 नगला तुला में अतिक्रमण गंदगी का अंबार लगा रखा है जिससे रास्ता निकालने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है गंदगी की वजह से आसपास के लोगों को बीमारियां का भय भी बैठा हुआ है जिस पर नगर पालिका ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है कुलदीप यादव का कहना है कि अतिक्रमण से और गंदगी से हमें हमारे परिवार वालों और पड़ोसियों को काफी परेशानी है जिसमें विरोध करने वालों में विजय सिंह, कुलदीप श्याम बाबू,सुदान सिंह ,अशोक कुमार,बीरेश, निर्देश, शुबोध, आदि लोगो ने बिरोध किया है

## दरगाह परिसर की खोदाई में मिलीं हनुमान-शनिदेव की प्रतिमाएं, भाजपा विधायक कर चुके हैं मंदिर का दावा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पूर्व में शनिदेव मंदिर था। दरगाह बाद में अतिक्रमण कर बनाई गई। जात की धार्मिक मान्यता मंदिर की ही है। खोदाई के दौरान मिली प्रतिमा जलेसर की बड़े मियां दरगाह मामले में शुक्रवार को नया मोड़ आया है। परिसर में पुलिस चौकी स्थापना के लिए नींव की खोदाई कराई जा रही थी। खोदाई में हनुमानजी और शनिदेव की प्रतिमाएं मिली हैं। प्रतिमाएं मिलने के बाद इनका शुद्धिकरण किया गया। शनिदेव की प्रतिमा का तेल से अभिषेक किया गया। दोनों प्रतिमाओं को फिलहाल परिसर के एक ओर बने विश्राम गृह में रखवा दिया गया है। दरगाह परिसर में बड़े मियां की मजार के करीब 10 मीटर दूरी पर ही यह खोदाई शुक्रवार सुबह एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री और सीओ इरफान नासिर खान की देखरेख में शुरू कराई गई। इस दौरान सुबह करीब 11 बजे एक श्रमिक को फावड़े के नीचे कुछ टकराने का अहसास हुआ। इस पर उसने हाथों से मिट्टी हटाकर देखा तो शनिदेव की पत्थर से बनी प्रतिमा उल्टी दबी हुई मिली। मिनटों में यह खबर पूरे जलेसर में फैल गई। इसके करीब एक घंटे बाद कुछ ही दूरी पर एक छोटी हनुमान प्रतिमा भी मिट्टी में दबी मिली। जानकारी पर विधायक संजीव दिवाकर दरगाह परिसर पहुंच गए। ज्योतिषी को बुलवा लिया गया और प्रतिमाओं का शुद्धिकरण कराया गया। विधायक संजीव दिवाकर ने शनिदेव की प्रतिमा पर तेल अर्पित किया। कुछ समय बाद एटा से एडीएम प्रशासन आलोक कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह भी पहुंच गए। उन्होंने पूरी स्थिति का जायजा लिया। ये बोले विधायक प्रतिमाएं निकलने के बाद पहुंचे जलेसर विधायक संजीव दिवाकर बोले कि यहां दरगाह नहीं थी, मंदिर है और रहेगा। उन्होंने कहा कि इसी परिसर में प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी।

# जंगलो से लकड़ी चोरी करने वाले पर की गई बढ़ी कारवाही

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पेंड्रा- गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में लगातार लकड़ी चोरी करने वाले गिरोह पर वन विभाग लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी तरह से वन विभाग के सारे कर्मचारियों, वन रक्षको के हड़ताल में होने के बाद भी डीएफओ दिनेश पटेल मरवाही वनमंडल की सक्रियता से लकड़ी चोरों पर की आधी रात में की ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। मिली जानकारी के अनुसार लकड़ी चोरी की घटनाएं लगातार मिल रही थी , पिछली दो रातों में एक टाटा पिकअप सहित तीन ट्रैक्टर ट्रॉली में चोरी की लकड़ी का अवैध परिवहन करते हुए वाहनों को राजसात किया जा रहा है। वहीं लकड़ी चोरी में इस्तेमाल वाहन टाटा 207 पिकअप सी जी 10 सी 8943 वाहन कीमत 5,50000/- में सुरेश साहू पिता शंकर साहू निवासी आमाडांड को 27 नग चिरान के साथ रात 3.30 बजे स्वास्थ्य केंद्र कुड़कई में गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार स्वराज ट्रेक्टर सीजी 10 2149 वाहन कीमत 4,50000/- में अमित कुमार पेण्ड्रा को 25 नग सेमल लट्ठ के साथ परिसर नवापारा में पकड़ा गया है। वहीं सोनालिका ट्रैक्टर एम पी 65 डब्लू 3918 कीमत 4,38500/- में इंद्रपाल सिंह को रात 12 30 बजे करिआम गणेश मंदिर के पास 15 नग सेमल लट्ठ के साथ पकड़ा गया। वहीं साथ सोनालिका ट्रैक्टर सीजी 10 डी ए 2885 वाहन कीमत 4,45000/- में लवकुश पिता हरजीत लटकोनी को 11नग सेमल लट्ठ के साथ परिसर नवापरा में धर दबोचा गया। जहां 3 दिन के अंदर हुई इस कार्यवाही से लकड़ी चोरों के हौसले पस्त हो गए चोरी में इस्तेमाल किये गए वाहनों और इनके मालिकों के ऊपर वन विभाग द्वारा कड़ी से कड़ी कार्यवाही और 21 लाख रुपये से अधिक के वाहन राजसात की कार्यवाही की जा रही है हड़ताल होने के बावजूद भी डीएफओ दिनेश पटेल के द्वारा की गयी कार्यवाही लकड़ी चोरों में निश्चित ही भय पैदा करेगी।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# नया मोटरसाइकिल देख मांगा चढ़ने के लिए, नही देने पर रात को कर लिया चोरी

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मरवाही-अंधेरा होने पर करता था सवारी, दिन को रखता था घर के अंदर छिपा कर थाना मरवाही में अपराध क्रमांक 90/22 धारा 379 भादवि आरोपी शेष नारायण उर्फ मटरू चौधरी पिता श्यामसुंदर चौधरी उम्र 28 साल चलचली थाना मरवाही मामला थाना मरवाही का है प्रार्थी राम दुलारे चौधरी निवासी आमाडाँड़ मध्यप्रदेश का दिनांक 1/4/ 2022 आरोपी शेष नारायणपुर उर्फ मटरू चौधरी पिता श्यामसुंदर चौधरी उम्र 28 साल चलचली थाना मरवाही को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया वह अपने ससुराल मरवाही में चांदनी चौक के पास आया था जो रात को पल्सर मोटरसाइकिल कुपवाड़ा के अंदर रख दिया था जो कोई अज्ञात चोर लॉक तोड़कर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना मरवाही में अपराध क्रमांक 90/22 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया । *पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में थाना मरवाही एवं साइबर सेल की टीम गठित कर चोरी गए मोटरसाइकिल की पतासाजी हेतु निर्देश दिया गया था। थाना मरवाही एवं साइबर सेल की टीम के द्वारा आरोपी शेष नारायणपुर उर्फ मटरू चौधरी पिता श्यामसुंदर चौधरी उम्र 28 साल चलचली थाना मरवाही को पकड़कर पूछताछ किया गया। जो मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से मोटरसाइकिल पल्सर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है

# 72 हजार का डीजल खर्च, नहीं मिला एक भी नकलची

हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद में परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए बनाए गए थे 5 सचल दल, 67 केंद्रों पर घूम-घूम कर की थी चेकिंग 72 हजार का डीजल खर्च, नहीं मिला एक भी नकलची-फर्रुखाबाद में परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए बनाए गए थे 5 सचल दल, 67 केंद्रों पर घूम-घूम कर की थी चेकिंग हारून बख्श ब्यूरो चीफ फर्रुखाबाद दैनिक क्यों ना लिखूं सच में यूपी बोर्ड परीक्षा 67 केंद्रों पर संपन्न हुई थी। इस दौरान परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां भी की। जहां 5 सचल दल बनाए गए।परीक्षा भी जिले में नकल विहीन हुई, लेकिन सचल दलों द्वारा 72 हजार रुपए का डीजल उड़ा दिया गया। वहीं सचल दलों को एक भी नकलची पकड़ में नहीं आया। जिले में 24 मार्च से 67 केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू हुई थी, जो 12 अप्रैल को समाप्त हो गई। परीक्षा के दौरान नकलची को पकड़ने के लिए 5 सचल दल बनाए गए। जहां सचल दलों द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सचल दल ने 72 हजार का डीजल खर्च कर दिया, लेकिन एक भी नकलची पकड़ में नहीं आया। 15 दिन किया निरीक्षण सचल दलों द्वारा बोर्ड परीक्षा केंद्रों का 15 दिन निरीक्षण किया गया। इस दौरान 5 गाड़ियां जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर दौड़ीं। इस दौरान 72 हजार रुपए का डीजल खर्च हुआ। आंतरिक सचल दल ने पकड़े नकलची ऐसा नहीं है जिले में नकलची नहीं पकड़े गए हों। सचल दल को एक भी नकलची नहीं मिला, जबकि आंतरिक सचल दल ने 29 मार्च को इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा में विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र स्थित राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज में एक नकलची पकड़ा था। केंद्र व्यवस्थापक अवधेश कुमार ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके अलावा मोहम्मदाबाद में एक एलएलबी का छात्र परीक्षा देते पकड़ा गया था। वह अपने भाई के स्थान पर परीक्षा देने आया था। इसको भी आंतरिक सचल दल ने शिकायत के आधार पर पकड़ा था। जानें क्या बोले जिम्मेदार डीआईओएस डॉ. आदर्श त्रिपाठी ने बताया, सचल दलों के निरीक्षण के लिए डीजल खर्च के लिए 72 हजार रुपए मिला था। सचल दल टीमों ने कॉलेजों का निरीक्षण किया।सख्ती के चलते सचल दलों को नकलची नहीं मिले।

# नशे के कारोबार पर जीपीएम पुलिस की लगातार छापामार कार्यवाही

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मरवाही-गाँजा बिक्री करने वालों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत 2 प्रकरण दर्ज थाना गौरेला -अपराध क्रमांक 164/ 22 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट थाना पेंड्रा - अपराध क्रमांक 159/22 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था कि गांजा एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों पर लगातार नजर रख कर कार्यवाही की जाए। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पेण्ड्रा और गौरेला के द्वारा दिनांक 14/4/2022 को लगातार कार्यवाही करते हुए आरोपी द्वारिका प्रसाद गौतम पिता स्वर्गीय रामकृपाल गौतम उम्र 60 साल निवासी साकिन अमरपुर भुतहा टोला से 500 ग्राम गांजा जप्त एवं मांझी टोला मेडुका के विश्राम सिंह वाकरे पिता महा सिंह वाकरे उम्र 55 वर्ष के कब्जे से 500 ग्राम गाँजा जप्त उपरांत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गौरेला युवराज तिवारी, थाना प्रभारी पेंड्रा धर्म नारायण तिवारी सहायक उप निरीक्षक हेमंत आदित्य सहायक उपनिरीक्षक दुर्गेश राठोर एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

# दहेज हत्या में वांछित अभियुक्त और अभियुक्त की मां गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-सुरेन्द्र कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना सोनवा मय हमराह टीम द्वारा वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता 1.महेश कुमार पुत्र जग्गू उर्फ जगराम, 2. उक्त अभियुक्त की मां निवासीगण ग्राम महराजगंज दा0 रामपुर कोड़री थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती सम्बन्धित मु0अ0सं0 40/2022 धारा 498 ए , 304 ( बी ) व 3/4 डी0पी0 एक्ट थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया।

WWW.KNLSLIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

आपका लोकप्रिय दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

ज्वाइन करने का सुनहरा मौका आवश्यकता है छत्तीसगढ़ राज्य और सभी राज्यों और जिला व सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की

संपर्क करें-

9027776991

# चोर गिरफ्तार मोटरसाइकिल बराम


प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र राय मय हमराह क्षेत्र भ्रमण पर थे कि मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि दो मोटरसाइकिल पर 04 लोग चोरी के सामान के साथ वीरपुर मुख्य मार्ग से कटरा बाजार की तरफ आ रहे है इस सूचना पर पुलिस टीम तत्काल वीरपुर कटरा रोड मुख्यमार्ग पर नहर पुल के पास पहुंच कर वाहन चेकिन किया जाने लगा, इस दौरान 02 मोटरसाइकिल आते दिखाई दी जो पुलिस को देख कर गाड़ी मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे तभी पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर पकड़ने की कोशिश की गयी तो मोटर साइकिल व सामान छोड़ कर भागने लगे इस दौरान पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया व 03 व्यक्ति भागने में सफल रहे। गिरफ्तार व्यक्ति से कड़ाई के साथ पूछ-ताछ की गयी तो आपना नाम शेषराम उर्फ मुण्डे




महावत पुत्र बन्जारे महावत सा0 अकबरपुर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती बताया गया तथा फरार व्यक्तियों के बारे में पूछ-ताछ की गयी तो 1- सोनू सोनकर पुत्र मेवालाल 2- रामनरेश उर्फ नरेश पुत्र रामपति 3- विजयी सोनकर पुत्र सचित उर्फ बच्चू निवासीगण खटिकनपुरवा (इन्सपेक्टरपुरवा) दाखिला दीनामगढ थाना इकौना जनपद श्रावस्ती बताया तथा मौके पर बरामद सामान के बारे में कड़ाई के साथ पूछ-ताछ की गयी तो चोरी का होना बताया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर नवीन माडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती पर मु0अ0सं0 20/2022 धारा 41,411,414 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम लगा दी गयी है।

# प्रधान पति ने लगाई डी एम से गुहार



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- जनपद के नरैनी ब्लाक अंतर्गत आने वाली हाढहा माफी ग्राम पंचायत की प्रधान जयंती चोरिहा ने अपने पति के साथ जिला अधिकारी बांदा कार्यालय पहुंच कर अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि चुनावी रंजिश को लेकर कुछ ग्राम पंचायत के अराजक तत्वों ने गांव की गो शाला से रात में जानवरों को खोल दिया जाता है जिससे गांव के लोगो की पकी फसल को जानवर खा जाते हैं। जिससे किसानों का काफी नुकसान हो जाता है। और तो और मेरे पिता को फर्जी फसाने में लगे हैं। आज अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से जिला अधिकारी बांदा से मांग की है जांच करा कर कठोर कार्यवायी की जाय।

# यूपी में हर तरफ अराजकता, बुलडोजर से विपक्षियों को डरा रही सरकारः अखिलेश यादव



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि यूपी अराजकता की गिरफ्त में है। सरकार के लोग विपक्षियों को बुलडोजर से डरा रहे हैं, जबकि सत्ता संरक्षित अपराधी कहर बरपा रहे हैं। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार दूर करना भाजपा के बस की बात नहीं रह गई है। अखिलेश ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री का कथित जीरो टॉलरेंस का फैसला लोकभवन के अंदर या मुख्यमंत्री आवास तक ही सीमित है। अपराधी बेफिक्र होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पूरे प्रदेश में जंगलराज है। प्रदेश में कारोबारियों की जिंदगी खतरे में है। 15 दिन में 6 कारोबारियों से लूट हो गई। अन्याय-अत्याचार से बहू-बेटियां परेशान हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ध्वस्त कानून व्यवस्था को देखते हुए आखिर कौन निवेश के लिए आगे आएगा? ऐसा लगता है भाजपा सरकार का इरादा प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने का नहीं, प्रदेश के गौरव को धूल धूसरित कर देने का है। कुंडा में रेप की रिपोर्ट दर्ज कराने 17 किलोमीटर पैदल चलकर पीड़िता पहुंची पर जांच के नाम पर पुलिस टालमटोल करती रही। समाजवादी सरकार के समय यूपी डायल 100 नंबर सेवा शुरू की गई थी ताकि चंद मिनटों में पुलिस घटना स्थल पर पहुंच सके।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# ग्रामीणों ने जिलाधिकारी श्रावस्ती को प्रार्थना पत्र देकर किया शमशान बनाने की मांग

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-विकासखंड हरिहरपुर रानी के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर कोठी के ग्रामीणों ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम समाज की सरकारी जमीन पड़ी हुई है जिसमे हिंदुओं के लिए शमशान के लिए जमीन की मांग किया है इसके लिए पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान दोनों द्वारा प्रस्ताव किया गया है लेकिन प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि हिंदू लोगों को मुर्दा रखने के लिए विशेष परेशानी होती है इसलिए गांव के निवासी असगर अली, पृथ्वीराज, भोला प्रसाद, रामविलास ,शोभाराम, तीरथ राम, शालिकराम, राम सागर ,राम मनोहर, श्याम बिहारी ,दयाराम, आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम समाज की जमीन से शमशान के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग किया है जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, अध्यक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली, को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग किया है ।

WWW.KNLSLIVE.COM

# मौलवी ने भूत उतारने के नाम पर महिला से की मारपीट मुकदमा दर्ज

लव कुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- इगलास दरअसल पूरा मामला थाना इगलास क्षेत्र का है अंधविश्वास जान पर भी भारी पड़ सकता है। ऐसा ही एक मामला इगलास कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का सामने आया है। गांव की महिला का झाड़फूंक से इलाज करने के नाम पर गांव सतलोनी के मौलवी ने बर्बरता की। मौलवी ने भूत उतारने के नाम पर महिला से मारपीट की और गर्म छड़ी से जलाया। महिला से छेड़छाड़ करते हुए जान से मारने का प्रयास किया। जिससे उसकी तबियत और खराब हो गई। घटना के सम्बंध में कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।



## मौलाना ने झाड़फूंक के जरिए इलाज का दिया भरोसा

गांव लुखटिया निवासी एक महिला की तबियत खराब हो गई थी। शनिवारकी दोपहर 12 बजे गांव सतलोनी के धीरेंद्र पुत्र महेंद्र, साहब पुत्र हरिप्रसाद व रशीद खां पुत्र भूरा खां महिला को इलाज के लिए मौलाना आस मुहम्मद पुत्र वलिया के पास ले गए। मौलाना ने झाड़फूंक के जरिए इलाज का भरोसा दिया। परेशान स्वजन मौलाना की बातों में आ गए। जिसके बाद झाड़फूंक के जरिए इलाज शुरू हुआ।

## जान से मारने की नीयत से की मारपीट

स्वजन के अनुसार मौलाना ने इलाज के नाम पर कमरे में बंद कर लिया और कपड़े उतरवाकर महिला के साथ हंटर से जमकर मारपीट की। पीड़ित की हालत नहीं सुधरी तो आरोपी ने भूत उतारने के नाम पर झाड़फूंक करते हुए गर्म छड़ी दाग दी। महिला दर्द से करहाती रही लेकिन मौलाना को उसपर दया नहीं आई। छेड़छाड़ का विरोध करने पर लोहे की रोड से पीटा और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। मौलवी की बर्बरता से महिला की हालत और खराब हो गई।

## पुलिस तक पहुँचा मामला, रिपोर्ट दर्ज

महिला की स्थिति गम्भीर होने पर स्वजन उसे पुलिस के पास ले गए और घटना की शिकायत की। कोतवाल रिपुदमन सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। उसकी हालत गम्भीर है। वहीं घटना के सम्बंध में पीड़िता के देवर की तहरीर पर मौलवी आस मोहम्मद, धीरेंद्र, साहब, व भूरे खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# स्कूल में नाबालिग लड़की की मौत मामला सीबीआई को ट्रांसफर, सुप्रीम कोर्ट ने यूपी-हरियाणा को दिया केस की फाइल सौंपने का आदेश



सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों को एक नाबालिग लड़की की मौत के मामले की फाइल केंद्रीय जांच ब्यूरो ( सीबीआई ) को सौंपने का निर्देश दिया है ताकि उत्तर प्रदेश के एक बोर्डिंग स्कूल में हुई लड़की की मौत और उसके माता-पिता के अपहरण से संबंधित मामले की जांच की जा सके। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली पीड़िता की मां की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अजय रस्तोगी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने याचिकाकर्ता द्वारा की गई शिकायत का संज्ञान लिया है जो मृतका की मां है और जिसने 14 साल की अपनी नाबालिग बेटी को खो दिया है और जांच अधिकारी द्वारा इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। कोर्ट ने कहा कि इससे पहले कि हम मामले को आगे बढ़ाएं, जांच के संबंध में कागजात/दस्तावेज उत्तर प्रदेश राज्य और हरियाणा राज्य द्वारा प्रतिवादी संख्या 4 को चार सप्ताह के भीतर सौंपे जाएं और प्रतिवादी संख्या 4 को आगे की जांच करने की अनुमति दी जाए। याचिकाकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों की चार सप्ताह के भीतर जांच करने को कहा गया है। अदालत ने इस मामले को आगे की सुनवाई के लिए 11 जुलाई, 2022 की तारीख तय की है। सुप्रीम कोर्ट पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एक फैसले को चुनौती देने वाली मां द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने मामले को सीबीआई को ट्रांसफर करने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। मां ने एफआईआर में जांच सौंपने के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा के प्रतिवादियों को निर्देश जारी करने के लिए याचिका दायर की है। महिला के मुताबिक, उसकी नाबालिग बेटी का शव जुलाई 2020 में उत्तर प्रदेश के एक बोर्डिंग स्कूल में लटका मिला था और उसे शक था कि उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई है। पीड़िता की मां के मुताबिक, स्कूल के प्रिंसिपल ने उन्हें स्कूल बुलाया और जब वे वहां पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनका फोन छीन लिया और फिर उन्हें बताया गया कि उनकी बेटी की मौत हो गई है और उसका शव एक कक्षा की छत से लटका हुआ दिखाया गया।उस एफआईआर में पुलिस ने मामले को आत्महत्या बताते हुए क्लोजर रिपोर्ट दर्ज की थी। याचिकाकर्ता ने इस मामले में दो एफआईआर दर्ज कराई हैं। एक नाबालिग लड़की की हत्या और कथित बलात्कार के आरोप में यूपी में और दूसरी हरियाणा में उसके माता-पिता और दो भाई-बहनों के अपहरण के लिए एफआईआर दर्ज की गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में
संपर्क करे-
9027776991